
**Nai Dunia (Indore), 12th March 2023, Nai Dunia City, Page – IV**



आइआइटी इंदौर में वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को डीजे नाइट में शामिल विद्यार्थी। ● सौ. संस्थान

# डीजे नाइट में बालीवुड गीतों पर धमाल

## आइआइटी इंदौर के वार्षिकोत्सव फ्लक्सस में आज यो यो हनी सिंह देंगे प्रस्तुति

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'फ्लक्सस' के दूसरे दिन शनिवार को डीजे नाइट का आयोजन किया गया। इसमें बालीवुड गानों पर करीब एक हजार विद्यार्थियों ने डांस किया। कई मिक्स गानों के साथ विद्यार्थियों की मांग पर भी गाने प्ले किए गए। इस दिन कई प्रतियोगिताएं हुई जिसमें सोलो एक्टिंग, कविताएं और कई गतिविधियां शामिल थी। इसी दिन अलग-अलग विषयों पर कंटेंट तैयार करने वाले यू-ट्यूबर भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि उन्होंने कैसे अपने सफर की शुरुआत की और किस तरह के संघर्षों के बीच सफल हुए। रविवार को कार्यक्रम के आखिरी दिन स्टैंडअप कामेडी में संदीप शर्मा और पाप सिंगर हनी सिंह प्रस्तुति देंगे।